# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2022/1393 जबलपुर, दिनांक 20 अक्टूबर, 2022

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग सीबीसीएस पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के जिसमें सेमेस्टर पद्धति के समस्त पाठ्यक्रम एम.ए. (सभी विषय)/एम.एससी. (सभी विषय)/एम.बी.ए. (एम.एम.)/बी.पी.एस./जिम इस्टेक्ट्रर/ बी.ए.एल.एल.बी./ एल.एल.एम./ बी.ए./ बी.ए. मार्सकम्यूनिकेशन/बी.काम. आनर्स/बी.एससी. एग्रीकल्चर/ बी.सी.ए./ बी.वोक./बी.जे.सी./एम.जे.सी./एम.ए. मार्सकम्यूनिकेशन/बी.फार्मा./बी.लिब./एम.लिब./एम.ए.एम.एससी. तथा विश्वविद्यालय स्तर पर छःमाही एवं वार्षिक डिप्लोमा के समस्त पाठ्यक्रमों के ऑनलाईन नामांकन आवेदन पत्र (Enrolment Form) एम.पी. आनलाईन पोर्टल के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है।

शिक्षण विभागों में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को निर्धारित तिथि में ऑन लाईन नामांकन करना अनिवार्य है। तभी परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेंगे । छात्र/छात्राए ऑनलाइन पोर्टल से अपने नामांकन नवीनीकरण अनिवार्य रूप से कराये। तभी प्रवेश कन्फर्म माना जावेगा ।

**समस्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष अधिसूचना को सूचना पटल पर चस्पा कर छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन नामांकन करने हेतु सूचित करें ।**

आनलाइन आवेदन (Enrollment From) भरने की प्रकिया निम्नानुसार होगीः–

| क्रमांक | समस्त प्रकिया | शुल्क विवरण | आवेदन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | इस प्रकिया के अंर्तगत स्नातकोत्तर सेमेस्टर पद्धति के प्रथम सेमेस्टर तथा स्नातक वार्षिक पद्धति के प्रथम वर्ष पाठ्यक्रम मे प्रवेशित विद्यार्थी अपना आनलाइन प्रवेश से प्राप्त ID नंबर, जन्मतिथि लेकर एम.पी. आनलाईन के पोर्टल पर अंकित करेंगे (Enrolment /Registration Form) भरने के उपरांत शिक्षण विभाग में जमा करायेंगे (All Student Must Fill Enroll. Cum Registration From) | नामांकन शुल्क 330/– इमीग्रेशन शुल्क 4000/– (व्यवसायिक पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.)<br><br>इमीग्रेशन शुल्क 330/– (सामान्य पाठ्यकम म.प्र. से बाहर के राज्यों के बोर्ड/वि.वि.) | यह प्रक्रिया बिना विलंब शुल्क के साथ दिनांक 28.10.2022 से 10.11.2022 तक उपलब्ध रहेगी<br><br>विलंब शुल्क रू. 330/– के साथ दिनांक 14.11.2022 तक<br><br>विशेष विलंब शुल्क रू. 1000/– के साथ दिनांक 21.11.2022 तक |
| 2. | छात्रों द्वारा Enrolment Form की प्रति संबंधित वि.वि.शिक्षण विभाग में जमा की जावेगी। | | 22.11.2022 तक |
| 3. | वि.वि. शिक्षण विभाग द्वारा (Document Verification) कर Document वि.वि. में भेजने की अंतिम तिथि (पेन डाइव के साथ) | मान्य बोर्ड एवं विश्वविद्यालय से परीक्षा उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन पत्र अप्रूवलं करें । | 25.11.2022 तक |

टीप– ऐसे छात्र जिनका अध्ययन म.प्र. के किसी भी विघालय से हुआ है किन्तु बोर्ड म.प्र. से बाहर का है जैसे सी.बी.एस.सी. आई.सी.एस.ई. बोर्ड दिल्ली आदि है सामान्य इमीग्रेशन शुल्क 330/– देय होगा ।

नोटः– उपरोक्त निर्धारित तिथियों में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग द्वारा छात्र/छात्राओं के नामांकन प्रिंट आउट संलग्न प्रमाण–पत्रों के साथ विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में पेन डाइव के साथ जमा करे ।

04. ऐसे छात्र जिन्होंने प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन कराया है लेकिन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग से प्रवेश के समय प्रवेश/विषय ग्रुप का सत्यापन नहीं कराया है । ऐसे छात्रों को नामांकन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जावेगा इस प्रकार के छात्र विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में

सम्पर्क कर प्रवेश/विषय ग्रुप का सत्यापन कराये । प्रवेश सत्यापन पश्चात् छात्र नामांकन प्रक्रिया में शामिल हो पायेंगें ।

05. उपनाम परिवर्तन हेतु नोडल अधिकारी ऑनलाइन से सत्यापन कराने के पश्चात् छात्रायें रूपये 100/- के मूल शपथ पत्र के साथ एवं नाम परिवर्तन शुल्क 550/- चालान के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर स्थित इंडियन बैंक शाखा में जमा करने के बाद नामांकन शाखा में जमा करें। इसके पश्चात् ही नाम परिवर्तन की कार्यवाही की जायेगी।

06. समस्त विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग प्रवेशित विद्यार्थियों को आवश्यक रूप से नामांकन आनलाइन के माध्यम से भरने की सूचना समसस्त विभागाध्यक्ष अपने सूचना पटल पर चस्पा करें। ताकि छात्र/छात्रायें आनलाइन नामांकन करने से वंचित न रह जाये तथा नामांकन न भरने की स्थिति में छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन फार्म भरने से वंचित रह जावेंगे। जिसका संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष की होगी ।

संलग्न प्रमाण-पत्रों की सूची निम्नानुसार है:-

- माइग्रेशन एवं टी.सी. के संबंध में (वचन पत्र)
- Proof of Date of Birth (जन्म तिथि हेतु अंकसूची की प्रति)
- Mark sheet (10वीं, 12वीं एवं स्नातक अंतिम वर्ष की अंकसूची)
- Migration Certificate Original (प्रवजन प्रमाण पत्र मूलप्रति)
- Eligibility Certificate (पात्रता प्रमाण पत्र)

आदेशानुसार

20/10/22

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2022/1393 अ

जबलपुर, दिनांक 20 अक्टूबर, 2022

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1. समस्त विभागाध्यक्ष, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
2. परीक्षा नियंत्रक, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर ।
3. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर, संभाग जबलपुर ।
4. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), रा.दु.वि.वि. जबलपुर ।
5. प्रभारी नोडल अधिकारी ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करे ।
6. कुलपतिजी/कुलसचिव जी के निज सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेंटर इस निवेदन के साथ कि बेबसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर